कार्यालय सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बरेली

पत्रांक : 58 / NBC   दिनांक : 05/02/2024

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)
बरेली

विषय : नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुसार जॉच आख्या के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक– व0स0(रा–2) / 9257–59 / 2023–24 दिनांक 18.11.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि बेदी इन्टरनेशनल स्कूल तह0 व जिला–बरेली के विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में अवगत कराया गया कि उक्त भवन का निर्माण वर्ष 2014–15 में कराया गया है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त स्कूल भवन के प्रबन्धक द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ पत्र एवं संलग्न अन्य तकनीकी प्रमाण पत्रों के दृष्टिगत विद्यालय भवन का सम्पूर्ण निर्माण कार्य Hi-Tech Consultant Ar. Hiren Agarwal CA/93/16318 एवं Er.ANAND PRAKASH (B.E Civil), Reg. No. I.I.T. Roorkee के दक्ष तकनीकी स्टाफ की देख–रेख में नेशनल बिल्डिंग कोड मे प्राविधानित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का तकनीकी परीक्षण उपरान्त प्रारम्भ से वर्तमान स्थिति तक कराया गया है। उक्त विद्यालय भवन की छत एवं दीवारों के निर्माण में पूर्ण मजबूती है। भवन में धूप एवं ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कक्ष हवादार एवं रोशनीयुक्त है। भवन स्वामी द्वारा दिये गये शपथ–पत्र, आर्किटेक्ट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र तथा स्थल निरीक्षण के क्रम में उक्त भवन के अब तक कराये गये निर्माण एन0बी0सी0 मानकों के अनुरूप प्रतीत होता है। लो0नि0वि0 द्वारा पूर्वनिर्मित भवन सामग्री का परीक्षण नहीं किया जा सकता। अतः उक्त के आधार पर अब तक निर्मित भवन एन0बी0सी0 मानको के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। शासन द्वारा समय–समय पर जारी नेशनल बिल्डिंग कोड के अन्तर्गत नियमों का पालन करना स्वयं भवन स्वामी को सुनिश्चित करना होगा।

संलग्नक : Hi-Tech Consultant
Ar. Hiren Agarwal CA/93/16318
एवं Er.ANAND PRAKASH (B.E Civil),
Reg. No. I.I.T. Roorkee द्वारा
दिया गया प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी प्रपत्र

J.E

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : /   दिनांक : / /2024

प्रतिलिपि : अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली